<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 2407

08 जुलाई, 2019 को उत्तर के लिए

इस्पात का निर्यात

2407. श्री विनायक भाऊराव राऊतः
डॉ॰ प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडेः
डॉ॰ श्रीकांत एकनाथ शिंदेः
श्री श्रीरंग आप्पा बारणेः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या इंजीनियरिंग-निर्यातक निर्यात संबंधी प्रयोजनों के लिए उत्पादों के विनिर्माण हेतु कच्चे माल के रूप में इस्पात का उपयोग करते हैं;

(ख) यदि हां, तो क्या घरेलू इस्पात की उच्च कीमतों के कारण भारतीय इंजीनियरिंग-संबंधी निर्यात प्रतिस्पर्धा में पीछे छूट गया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या घरेलू इस्पात निर्माता इंजीनियरिंग-निर्यातकों से काफी अधिक मार्जिन वसूलते हैं;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) क्या इंजीनियरिंग-निर्यातकों को किफायती दरों पर इस्पात उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता है; और

(छ) यदि हां, तो इंजीनियरिंग-निर्यातकों को किफायती दरों पर इस्पात उपलब्ध कराए जाने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (छ): जी हाँ। इस्पात उद्योग एक नियंत्रणमुक्त क्षेत्र है और देश में इस्पात की कीमतें बाजार नियंत्रित होती हैं और वाणिज्यिक रूप से निर्धारित की जाती है।

****